जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 03.04.2025

प्रेस विज्ञप्ति
(**सं. 2025–26/14**)

**<u>मारवाड़ जं.–खामली घाट– मारवाड़ जं. वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार</u>**

रेलवे प्रशासन द्वारा मारवाड़ जं.–खामली घाट– मारवाड़ जं. वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में दिनांक 03.04.25 से 30.09.25 तक विस्तार किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 00961, मारवाड़ जं.–खामली घाट वैली क्वीन मीटरगेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में दिनांक 03.04.25 से 30.09.25 तक विस्तार किया जा रहा है। यह रेलसेवा प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शनिवार व रविवार को मारवाड़ जं. से निर्धारित संचालन समयसारणी के अनुसार प्रस्थान कर खामली घाट पहुॅचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 00962, खामली घाट–मारवाड जं. वैली क्वीन मीटर गेज हैरिटेज रेलसेवा की संचालन अवधि में दिनांक 03.04.25 से 30.09.25 तक विस्तार किया जा रहा है। यह रेलसेवा प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शनिवार व रविवार को खामली घाट से निर्धारित संचालन समयसारणी के अनुसार प्रस्थान कर मारवाड जं. पहुॅचेगी। **इस रेलसेवा में 01 एसी एक्जीक्यूटीव, 02 मीटर गेज डिब्बे व 01 पावरकार होंगे।**

**वरि. जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**